प्रेस विज्ञप्ति

वैसे तो गोरखनाथ ब्लड बैंक अपने स्थापना काल से ही बराबर रक्तदान शिविर का आयोजन करता रहा है। माह में लगभग 2 से 5 तक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं कुछ ब्लड बैंक परिसर में तथा कुछ अन्य नगर के स्थानों पर अथवा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में, शैक्षणिक संस्थान, सामाजिक संगठन, धार्मिक स्थल तथा अन्य स्थानों पर रक्तदान शिविर लगता रहता है।

हाल ही में राज्य रक्त संचरण परिषद उत्तर प्रदेश के द्वारा एक दिशा निर्देश प्राप्त हुआ है, उस निर्देशानुसार 24 से 26 मार्च 2023 तक रक्तदान शिविरों का आयोजन ब्लड बैंकों द्वारा किया जाना है।

इनकी रिपोर्टिंग परिषद के वेबसाइट पर तथा ई रक्तकोश के वेबसाइट पर डालना होगा गोरखनाथ ब्लड बैंक ने इस निर्देश का अक्षरसः पालन करते हुए फरवरी माह में निर्धारित रक्तदान शिविरों का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न किया है।

दिनांक 24 मार्च 2023 को 12 रक्तदाता तथा दिनांक 25 मार्च 2023 को 24 रक्तदाता 26 मार्च 2023 को 20 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

इन शिविरों में ब्लड बैंक प्रभारी द्वारा रक्त दाताओं को शिक्षित भी किया गया उन्हें रक्तदान से संबंधित विषयों से अवगत कराते हुए बताया गया कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति 18 से 65 वर्ष की आयु में जिसका वजन 45 किलो से ऊपर हो तथा हिमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से कम न हो ऐसे व्यक्ति हर 3 माह के अंतराल पर सहजता से रक्तदान कर सकते हैं। एक रक्तदान से तीन से चार रोगियों के प्राणों की रक्षा तो होती ही है स्वयं के शरीर को भी बहुत सारे लाभ भी मिलते हैं जैसे हृदय रोग, मोटापा, कोलेस्ट्रॉल लेवल, कैंसर इत्यादि बीमारियों की संभावना कम हो जाती है तथा उचित समय पर उसका उपचार किया जा सकता है इन रक्तदान शिविरों में कुल 56 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जिनमें विश्वनाथ, अखिलेश गुप्ता, घनश्याम अग्रवाल, आशीष कुमार, पूनम, शिप्रा मैसी, विश्वजीत पाल, दिव्या, सत्य प्रकाश आदि लोग थे

इन शिविरों को सफल बनाने में ब्लड बैंक की अधिकारी डॉ ममता जायसवाल सभी टेक्नीशियन तथा कर्मचारियों का अमूल्य योगदान रहा यह सब जानकारियां परिषद तथा e-raktkosh के पोर्टल पर प्रेषित कर दिया गया है।